कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-11.06.2024

विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त शुभम कन्नौजिया थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0179/2024 धारा 363,366 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त शुभम कन्नौजिया पुत्र सोनू कुमार निवासी हुकुलगंज थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-11.06.2024 को समय करीब 07.05 बजे आजमगढ़ रिंग रोड से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 20.05.2024 को पीड़िता/अपहृता के पिता ने दिनांक 19.05.2024 को उनकी नाबालिग पुत्री उम्र 14 वर्ष को प्रतिवादी शुभम कन्नौजिया द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्राप्त प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर मे मु0अ0सं0-0179/2024 धारा 363,366 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 संतोष यादव द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शुभम कन्नौजिया पुत्र सोनू कुमार निवासी हुकुलगंज थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी, उम्र 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

नाबालिग अपहृता/पीड़िता उम्र 14 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

आजमगढ़ रिंग रोड से दिनांक-11.06.2024 को समय करीब 07.05 बजे।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 संतोष कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 अजय कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. म0का0 प्रीति यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।